न्यूज डायरी

परवेज मुशर्रफ ने विशेष अदालत के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व सैन्य तानाशाह परवेज मुशर्रफ ने विशेष अदालत के फैसले के खिलाफ कोर्ट में गुहार लगाई है। विशेष अदालत के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है जिसमें उन्हें घोर राजद्रोह के मामले में दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई गई है। इस्लामाबाद की विशेष अदालत ने पिछले साल 17 दिसंबर को 74 वर्षीय सेवानिवृत्त जनरल को हाई प्रोफाइल राजद्रोह के मामले में छह साल की सुनवाई के बाद दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी। पाक के पूर्व तनाशाह फिलहाल दुबई में रह रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग –नवाज (पीएमएल–एन) की सरकार ने पूर्व सेना प्रमुख के खिलाफ 2013 में राजद्रोह का मामला दायर किया था।

चीन में जन्मदर 1949 के बाद सबसे कम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) बीजिंग। चीन में 1949 के बाद सबसे कम जन्म दर पिछले वर्ष दर्ज की गयी। इसके बाद चिंता बढ़ गई है कि समाज में लोगों की बढ़ती उम्र और कम होता श्रमबल सुस्त अर्थव्यवस्था पर असर डालेंगे। देश में 1949 में ही कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई थी। जनसांख्यिकीय संकट से बचने के लिए सरकार ने 2016 में 'एक बच्चा नीति' में ढील दी ताकि लोग दो बच्चे पैदा कर सकें लेकिन इस बदलाव का असर नहीं हुआ है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 2019 में जन्म दर प्रति एक हजार आबादी पर 10.48 रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा कम है। जन्म में लगातार तीसरे वर्ष भी कमी आई है, फिर भी 2019 में 1.465 करोड़ बच्चों का जन्म हुआ। अमेरिका के शिक्षाविद यी फुक्सियान ने एएफपी को बताया कि भले ही चीन ने एक बच्चा की नीति खत्म कर दी है लेकिन जनता का विचार बदला है और लोग अब छोटा परिवार चाहते हैं।

समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए म्यामां पहुंचे शी चिनफिंग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नेपीता। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग म्यामां में आंग सान सू ची की संकटग्रस्ट सरकार को समर्थन देने और बुनियादी ढांचे के संबंध में कई अरब डॉलर के सौदे करने के लिए शुक्रवार को राजकीय यात्रा पर यहां पहुंचे। म्यामां की राजधानी में शी के स्वागत के लिए उनके लाल बैनर लगाए गए। इस यात्रा के दौरान शी चीन की 'बेल्ट एवं रोड' पहल के तहत बुनियादी ढांचे संबंधी कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। 'बेल्ट एवं रोड' पहल एक वैश्विक व्यापार योजना है जिसमें म्यामां का कायापलट करने का वादा किया गया है। तथाकथित चीन–म्यामां आर्थिक गलियारे का मुख्य केंद्र राखिने राज्य के क्याउकफ्यु में गहरे समुद्र में 1.3 अरब डॉलर का बंदरगाह है। इस बंदरगाह और निकटवर्ती प्रस्तावित ओद्यौगिक क्षेत्र को देशों की साझी सीमा से जोड़ने के लिए तेज गति की रेल सुविधा की भी योजना है।

अमेरिका में नववर्ष के समय से लापता भारतीय मूल की महिला कार की डिग्गी में मृत मिली

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) न्यूयार्क। अमेरिका के इलिनियोस प्रांत में दो सप्ताह पहले कथित रूप से लापता हुई 34 साल की भारतीय मूल की एक महिला अपनी कार की डिग्गी में रहस्यमय परिस्थिति में मृत मिली है। मीडिया में यह खबर आयी है।इलिनियोस प्रांत के शॉम्बर्ग पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि सुरील डबावाला 30 दिसंबर को जब शॉम्बर्ग में अपने घर नहीं लौंटी तब उनके परिवार ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी।शिकागो ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, सुरील के परिवारवालों का कहना है कि वह जिम में व्यायाम करने गयी थीं और उन्हें आखिरी बार कार चलाते हुए देखा गया था। उसके बाद वह घर नहीं लौटीं। पुलिस के बयान के अनुसार शिकागो पुलिस विभाग ने यह रिपोर्ट करने के लिए शॉम्बर्ग पुलिस से संपर्क किया कि गाड़ी के अंदर एक मृत व्यक्ति है। बयान के अनुसार शिकागो पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बयान के अनुसार, सुरील के पिता कार की चाबी लेकर वहां पहुंचे और फिर उसकी डिग्गी खोली गयी। उसमें सुरील का शव कंबल में लिपटा रखा था।

एक्यू खान से अब तक जारी है पाक की परमाणु चोरी

आरोप

■इन्होंने अमेरिकी एक्सपोर्ट लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन किया

अमेरिका में पांच पाकिस्तानियों पर न्यूक्लियर स्मगलिंग का आरोप लगा है

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वॉशिंगटन। अपने चोर वैज्ञानिक ए क्यू खान की बदौलत धोखे से परमाणु हथियार हासिल करने की पाकिस्तान की करतूत से पूरी दुनिया वाकिफ है। खान ने कनाडा से परमाणु तकनीक चुराकर न केवल पाकिस्तान में न्यूक्लियर प्रोग्राम संचालित किया बल्कि इसे ईरान, लीबिया, उत्तर कोरिया जैसे देशों को बेच भी दिया। तब से पाकिस्तान ने न्यूक्लियर स्मगलिंग और मिसाइल टेक्नॉलजी के अवैध अधिग्रहण से तौबा नहीं किया है। इसके पास विज्ञान और तकनीक का शायद ही कोई केंद्र है, फिर भी इसने चोरी और धोखे से परमाणु हथियार और बलिस्टिक मिसाइल हासिल कर लिया। अब उसे अमेरिकी तकनीक की चोरी करते हुए पकड़ा गया है। दरअसल, रावलपिंडी स्थित फ्रंट कंपनी शबिजनस वर्ल्डश से जुड़े पांच पाकिस्तानियों पर अमेरिका में आरोप लगा है कि उन्होंने पाकिस्तान के न्यूक्लियर और मिसाइल प्रोग्राम के लिए अमेरिकी तकनीक की स्मगलिंग की है।

परमाणु चोरी में पकड़ाए पांच पाकिस्तानीः अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, ये पांच पाकिस्तानी कनाडा, हॉन्ग कॉन्ग और यूके में रहते हैं। डिपार्टमेंट का कहना है, श्ये अपनी फ्रंट कंपनियों के लिए दुनियाभर से खरीद करने का नेटवर्क चलाते थे। इनकी फ्रंट कंपनियां अडवांस्ड इंजिनियरिंग रीसर्च ऑर्गनाइजेशन (एईआरओ) और पाकिस्तान ऐटमिक एनर्जी कमिशन (पीएईसी) के लिए अमेरिका में बने उत्पाद खरीदती है। यह कंपनी अमेरिका से सामानों का निर्यात बिना एक्सपोर्ट लाइसेंस के ही करवाती है जो अमेरिकी कानून का खुला उल्लंघन है।

भारत के लिए चिंताः बड़ी बात यह है कि अमेरिका के बयान में इस ओर इशारा किया गया है कि पाकिस्तान के इस स्मगलिंग नेटवर्क के खुलासा भारत की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। होमलैंड सिक्यॉरिटी इन्वेस्टिगेशंस के ऐक्टिंग स्पेशल एजेंट इन चार्ज जैसन मोलिना ने कहा, श्इन पांच लोगों का कथित व्यवहार अमेरिकी निर्यात कानूनों के उल्लंघन से कहीं ज्यादा बड़ा मसला है। इसने अमेरिकी सुरक्षा हितों के साथ–साथ क्षेत्र के विभिन्न देशों के बीच नाजुक शक्ति संतुलन के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। जस्टिस डिपार्टमेंट की प्रेस रिलीज के मुताबिक, एईआरओ और पीएईसी, दोनों अमेरिकी कॉमर्स डिपार्टमेंट की एंटिटि लिस्ट शामिल हैं। कॉमर्स डिपार्मटमेंट ही उन संस्थानों के लिए एक्सपोर्ट लाइसेंस अनिवार्य करता है जिनकी गतिविधियां अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा या विदेश नीति के हितों के विरुद्ध पाई जाती हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अमेरिकी असिस्टेंट अटॉर्नी जनरल जॉन सी डेमर्स ने कहा, प्रतिवादियों (पाकिस्तानियों) ने अमिरेका में निर्मित उत्पाद उन संस्थानों को निर्यात किए जिन्हें अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में चिह्नित किया गया है क्योंकि इन संस्थानों के संबंध पाकिस्तान के हथियार कार्यक्रमों से है। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा मुद्दा है जो अमेरिका के लिए एक उदाहरण बन सकता है कि उसे निर्यात के नियमों को लागू करने में कड़ाई बरते। इन आरोपियों में मुम्मद कामरान वली (41) पाकिस्तान में, मुहम्मद अहसान वली (48) और हाजी वली मुहम्मद शेख (82) कनाडा में, अशरफ खान मुहम्मद हॉन्ग कॉन्ग में जबकि अहमद वहीद (52) यूके में रहता है। इनसब पर इंटरनैशनल एनर्जी इकनॉमिक पावर्स ऐक्ट और एक्सपोर्ट कंट्रोल रिफॉर्म ऐक्ट के उल्लंघन की साजिश रचने का आरोप लगा है।

इंटरनेट फ्रीडम के मामले में पाक सबसे बुरे देशों में शामिल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इस्लामाबाद। इंटरनेट फ्रीडम को लेकर कराए गए एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में पाकिस्तान को दुनिया के सबसे फिसड्डी देशों में शामिल किया गया है। पांच मानकों को आधार बनाकर किए गए इस सर्वे में दुनिया के 181 देशों को शामिल किया गया था, जिसमें पाकिस्तान को बेलारूस, तुर्की, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और इरिट्रिया के साथ इंटरनेट फ्रीडम के मामले में सबसे खराब देशों की श्रेणी में रखा गया है।

गौरतलब है कि टेक रिसर्च कंपनी कंपैरीटेक के सर्वेक्षण में टोरेंट, पोर्नोग्राफी, न्यूज मीडिया, सोशल मीडिया और वीपीएन को मानक बनाया गया था और इस आधार पर 181 देशों में इंटरनेट स्वतंत्रता को लेकर सर्वे किया गया था। इसमें पाकिस्तान को 10 में से सात नंबर मिले। पाकिस्तान के अलावा बेलारूस, तुर्की, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और इरिट्रिया को भी 10 में से सात नंबर मिले। सेंसरशिप स्केल में यह नंबर इंटरनेट फ्रीडम के मामले में काफी खराब स्थिति को इंगित करता है।

पाक के साथ रखे गए इन सभी देशों का इंटरनेट सेंशरशिप को लेकर समान दृष्टिकोण है। इन सभी देशों में पोर्नोग्राफी प्रतिबंधित है और राजनीतिक मीडिया पर भी काफी हद तक प्रतिबंध लगाए गए हैं।

पिछले सप्ताह ईरान के हमले में 11 अमेरिकी सैनिक घायल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) वॉशिंगटन। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा है कि ईरान द्वारा इराक में अमेरिकी सैनिकों के एक ठिकाने पर किए गए हमले में कम से कम 11 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। बहरहाल, अमेरिकी सेना ने कहा था कि इस हमले में उसका कोई सैनिक हताहत नहीं हुआ। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन बिल अर्बन ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा, 'अल–असद वायु सेना अड्डे पर ईरान द्वारा आठ जनवरी को किए गए हमले में किसी भी अमेरिकी सैनिक की मौत नहीं हुई।

विमान हादसे के मृतकों के देशों ने ईरान से मुआवजा मांगा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लंदन। ईरान के मिसाइल हमले में गिरे यूक्रेन के विमान में मारे गए लोगों के देशों ने उससे मांग की है कि वह घटना की पूरी जिम्मेदारी ले और पीड़ितों के परिवार को मुआवजा दे। कनाडा, ब्रिटेन, अफगानिस्तान, स्वीडन और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों ने ट्राफलगर स्क्वॉयर पर स्थित कनाडा उच्चायोग में बैठक के बाद इस संबंध में एक बयान जारी किया।

कनाडा के 57 नागरिक हादसे में मारे गए बता दें कि तेहरान के इमाम खुमैनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आठ जनवरी को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद यूक्रेन

इंटरनैशनल एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें सवार सभी 176 लोगों की मौत हो गयी थी। इराक में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बना कर किये गए बैलेस्टिक मिसाइल के हमले में यह विमान गिरा था। मरने वालों में कनाडा के 57, यूक्रेन के 11, स्वीडन के 17, अफगानिस्तान और ब्रिटेन के चार नागरिक शामिल हैं।

ब्रिटेन के पीएम ने निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग कीः मारे गए लोगों में ईरान के नागरिक भी हैं। कनाडा के विदेश मंत्री फ्रैंकोइस फिलिप शैंपेन ने लंदन में कहा कि हम यहां पीड़ितों के लिए जवाबदेही, पारदर्शिता और न्याय के लिए हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने हादसे की जिम्मेदारी ली है, लेकिन जांच से ही इस बात का खुलासा होगा कि विमान हादसे के कारण क्या हैं और कौन जिम्मेदार है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने विमान हादसे के मामले की समग्र, पारदर्शी एवं स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच की बात कही है।

चीन में अज्ञात वायरस से दूसरे व्यक्ति की मौत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) पेइचिंग। चीन में एक अज्ञात वायरस से दूसरे व्यक्ति की मौत हो गई है। चीन में इस वायरस ने दर्जनों लोगों को अपनी चपेट में लिया है और दो अन्य एशियाई देशों में भी यह वायरस दिखाई दिया। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मध्य चीनी शहर वुहान में बुधवार को 69 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वुहान कोरोना वायरस का केंद्र है। यह वायरस खतरे की घंटी है जिसका संबंध ा एसएआरएस (सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम) से है जिसके चलते 2002–2003 में मुख्यभूमि चीन में 349 लोग मारे गए थे और हांगकांग में 299 लोग मारे गए। चीन में नए वायरस से जुड़े निमोनिया की चपेट में कम से कम 41 लोग आए हैं। वुहान स्वास्थ्य आयोग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 12 लोग बीमारी से उबर गए हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि पांच लोगों की हालत गंभीर है। थाइलैंड और जापान में भी इस वायरस के दो अन्य मामले सामने आए हैं। वुहान में अधिकारियों ने बताया कि एक सीफूड बाजार इस वायरस का केंद्र है। इसे एक जनवरी को बंद कर दिया गया था।